संख्या–cm-372
19/10/2019

मुख्यमंत्री ने चेहल्लुम के अवसर पर मैदान–ए–कर्बला के शहीदों को नमन किया और हजरत इमाम हुसैन तथा मैदान–ए–कर्बला के तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 19 अक्टूबर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने चेहल्लुम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन और तमाम शोहादये कर्बला को याद करते हुये उन्हें अपनी श्रद्धांजलि पेश की और कहा कि हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अमर है और रहती दुनिया तक इसे याद किया जायेगा। इससे प्रेरणा लेकर जुल्म, अहंकार, नफरत के विरूद्ध इंसाफ, सच्चाई, भलाई और हक के परचम को बुलंद रखने का संकल्प लें। यही हजरत इमाम हुसैन और तमाम शोहदाये कर्बला के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री ने चेहल्लुम को आपसी भाईचारा, पारस्परिक प्रेम, सामाजिक सद्भाव, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की प्रदेश एवं देशवासियों से अपील की।

******